(46)

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गाजियाबाद की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित "जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गाजियाबाद की दिनांक 22.06.2021 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गाजियाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 के शा0सं0 95/छिहत्तर-2020-20 स्वजल/2010 टी0सी0-अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यकमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38-5-2010-20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन को जलापूर्ति की योजनाओ की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है। पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 पर निर्णय हेतु **"जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन"** गाजियाबाद की बैठक दिनांक 22.06.2021 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

1. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद-उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद-सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी गाजियाबाद-सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद-सदस्य।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद-सदस्य।
6. अधिशासी अभियंता सिचांई, गाजियाबाद-सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर, गाजियाबाद-सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद-सदस्य।
9. जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद-सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता प्रथम निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद-सदस्य सचिव।

अधिशासी अभियंता एंव सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2393/w-22/NIT/2021-21 दिनांक 25.01.2021 के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया था। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद हेतु पत्र सं0 LC/BO/Project/Ghaziabad/2021-22/110 दिनांक 16.06.2021 द्वारा कुल 17 नग पाईप पेयजल योजनाओ की डी0पी0आर0 तथा पत्र सं0 LC/BO/Project/Ghaziabad/2021-22/114 दिनांक 17.06.2021 द्वारा 02 नग पाईप पेयजल योजनाओ की डी0पी0आर0 कुल 19 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई। समस्त प्रस्तुत 19 नग डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम द्वारा समय-समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जाँच करने के उपरान्त उक्त 19 नग डी0पी0आर0 तकनीकी रूप से अर्ह पायी गयी है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 तथा 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सेन्टेज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। फर्म द्वारा प्रस्तुत की गई 19 नग योजनाओ की डी0पी0आर0 में से 16 नग योजनाओ की डी0पी0आर0 की Ultimate Design Year (2052) के लिये Per Capita Cost की दर रू0 6000.00 से कम है एवं 03 नग योजनाओ की डी0पी0आर0 की Ultimate Design Year (2052) के लिये Per Capita Cost की दर रू0 6000.00 अधिक है परन्तु समस्त 19 नग योजनाओ की डी0पी0आर0 की Ultimate Design Year (2052) के लिये औसत Per Capita Cost की दर रू0 6000.00 से कम है जो राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार है। Per Capita Cost के आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टीजेन्सी तथा जी0एस0टी0 को लिया गया है। मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं. | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कास्ट (रू0लाख) | सैंन्टेज (रू0लाख) | कुल लागत (रू0 लाख) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भदौला | भोजपुर | 1 | 308 | 2193 | 180.97 | 20.20 | 201.17 | 8252 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शेरपुर | भोजपुर | 1 | 332 | 3958 | 200.10 | 22.33 | 222.43 | 5056 |
| | सीकरी खुर्द | भोजपुर | 1 | 1555 | 13291 | 456.93 | 51.00 | 507.93 | 3438 |
| | कादराबाद | भोजपुर | 1 | 1045 | 8974 | 283.92 | 31.69 | 315.60 | 3164 |
| 5 | पट्टी | भोजपुर | 1 | 455 | 4367 | 210.30 | 23.47 | 233.78 | 4816 |
| 6 | यूसूफपुर नंगलाबैर | भोजपुर | 1 | 589 | 8875 | 254.70 | 28.43 | 283.13 | 2870 |
| 7 | औरंगाबाद दतैडी | भोजपुर | 1 | 260 | 3251 | 191.37 | 21.36 | 212.73 | 5887 |
| 8 | जहाँगीरपुर | भोजपुर | 1 | 554 | 6459 | 232.75 | 25.98 | 258.73 | 3604 |
| 9 | ईशाकनगर | भोजपुर | 1 | 388 | 3972 | 200.08 | 22.33 | 222.42 | 5037 |
| 10 | मथुरापुर | रजापुर | 1 | 396 | 4940 | 205.17 | 22.90 | 228.07 | 4153 |
| 11 | सिकरानी | लोनी | 1 | 334 | 4782 | 273.30 | 30.50 | 303.80 | 5715 |
| 12 | मुर्तजाबाद भूपखेडी | लोनी | 1 | 385 | 4725 | 202.52 | 22.60 | 225.12 | 4286 |
| 13 | भनैडा खुर्द | लोनी | 1 | 275 | 3922 | 189.53 | 21.15 | 210.68 | 4832 |
| 14 | महमूदपुर | लोनी | 1 | 441 | 4538 | 260.82 | 29.11 | 289.93 | 5748 |
| 15 | पचायरा | लोनी | 1 | 404 | 4238 | 201.52 | 22.49 | 224.01 | 4755 |
| 16 | सुल्तानपुर | मुरादनगर | 1 | 476 | 3177 | 202.38 | 22.59 | 224.97 | 6370 |
| 17 | कांकडा | मुरादनगर | 1 | 485 | 6356 | 241.86 | 26.99 | 268.85 | 3805 |
| 18 | सरना मुरादनगर | मुरादनगर | 1 | 483 | 3716 | 202.11 | 22.56 | 224.67 | 5439 |
| 19 | भदोली | मुरादनगर | 1 | 300 | 2522 | 180.80 | 20.18 | 200.98 | 7169 |

**01.**– उपरोक्त समस्त 19 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योंजनाओं की डी0पी0आर0 को जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गाजियाबाद द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई तथा उक्त 19 नग योजनाओं की डी0पी0आर0 को स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने हेतु निर्णय लिया गया। **(कार्यवाही अधिशासी अभियंता, प्रथम निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद)**

**02.**– योजनाओं के भूमि की उपलब्धता–पाईप पेयजल योजना के निर्माण हेतु अवशेष 74 नग ग्रामों में ग्राम समाज की निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने हेतु संबन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा कार्यवाही पूर्ण कराई जायेगी। **(कार्यवाही सम्बन्धित समस्त उपजिलाधिकारी )**

22/6/2021
अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद
सदस्य सचिव।

जिला सूचना एंव
जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद
सदस्य।

22/6/21
जिला कृषि अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गाजियाबाद सदस्य।

22/6/21
अधिशासी अभियंता सिचांई,
गाजियाबाद सदस्य।

22/06/2021
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

22.6.21
उप प्रभागीय वनाधिकारी
गाजियाबाद सदस्य।

जिला विकास अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद, उपाध्यक्ष।

जिलाधिकारी
गाजियाबाद अध्यक्ष

22.6.21
उप प्रभागीय वनाधिकारी
गाजियाबाद